हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–272 : जौनपुर, सोमवार 07 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ये आएंगे तो गुंडों के सपने पूरे होंगे : भाजपा सरकार में हर वर्ग सुरक्षित – मोदी

बिजनौर ब्यूरो : बिजनौर में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा पहले की सरकार दंगा और कर्फ्यू का लगाने का काम करती थी। लेकिन अब भाजपा सरकार में हर वर्ग के लोग सुरक्षित हैं। वहीं पीएम मोदी का बिजनौर दौरा मौसम खराब की वजह से रद्द हो गया। पीएम मोदी ने वर्चुअल ही रैली को संबोधित किया।सीएम योगी ने कहा कि मैं आज से 10 दिन पहले भी आया था। उन्होंने महात्मा विदुर को नमन करते हुए कहा कि हमने विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज दिया है। उन्होंने कहा पांच पहले यूपी में दंगा, पलायन और कर्फ्यू लगता था। यहां महिलाएं सुरक्षित नहीं थी। सीएम योगी ने कहा कि हमने पांच साल में माहौल सुधार दिया है। उन्होंने कहा अब अपराधी तख्ती गले में डालकर भीख मांगते नजर आते हैं। डबल इंजन की सरकार ने सुशासन और सड़कें दीं हैं। उन्होंने कोरोना को लेकर कहा पूरे देश में भारत द्वारा किए कार्य को सराहा गया है। सीएम योगी ने कहा पहले बिजली नहीं मिलती थी। चुटकी लेते हुए कहा 'कहावत है की चांदनी रात, चोरों को अच्छी नहीं लगती थी। वे चोरी डकैती करके थे। हमारी सरकार ने मुफ्त राशन, गैस सिलिंडर और सभी योजनाओं का लाभ गरीब जनता को दिया। उन्होंने कहा पहले गन्ना भुगतान समय पर नहीं होता था। हमने समय पर गन्ना भुगतान देकर किसानों का भरोसा जीता है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने लॉकडाइन के समय में भी स्पेशल ट्रेनें चलाकर लोगों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाया है। सीएम योगी ने कहा पांच पहले प्रदेश में दंगा होता था लेकिन, अब दंगा करने वालों की चंद मिनटों में चर्बी उतर सकती है। उन्होंने मुजफ्फरनगर दंगे का जिक्र करते हुए एक लखनऊ में बैठकर दंगा करा रहा था तो दूसरा दिल्ली में बैठकर टीवी पर दंगा देख रहा था। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में सिर्फ विकास की बात होती है। हम बिजनौर में 300 करोड़ की लागत से महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनवा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अभियान के आरंभ के लिए महात्मा विदुत की धरती को चुना था। लेकिन मौसम खराब होने की वजह से पीएम मोदी बिजनौर नहीं आ पाए। बिजनौर नहीं पहुंचने पर मोदी ने मांगी क्षमा पीएम मोदी वर्चुअल ही जन चौपाल को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण के शुरुआत में कहा, 'मैं सबसे पहले क्षमा चाहता हूं। क्योंकि मैं आज बिजनौर से चुनाव अभियान का प्रारंभ करने जाना था। लेकिन मौसम के कारण मेरा हेलीकॉप्टर नहीं निकल पाया। इस वजह से मुझे वीसी से ही आपसे संवाद करना पड़ रहा है।' अपने करीबियों और अपनी तिजोरियों की प्यास बुझाते रहे नकली समाजवादी : पीएम मोदी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकास का पानी नकली समाजवादियों के परिवार में उनके करीबियों में ठहरा हुआ था। इन लोगों को सामान्य मानवी के विकास की प्यास से, गरीब से कभी कोई मतलब नहीं था। ये सिर्फ अपने करीबियों, अपनी तिजोरियों की प्यास बुझाते रहे हैं। यही प्यास विकास




की नदी के बहाव को सोख लेती है। अपनी जेबे भर लेने की प्यास गरीब का राशन चट कर जाती थी। प्रोजेक्ट लटकाकर कमाई करने की इसी प्यास से लाल फीताशाही को ताकत मिलती थी। भाजपा प्रदेश के हर व्यक्ति को अपना परिवार मानती है। अब गरीब को उसकी जाति, उसका पंथ, उसका क्षेत्र देखकर नहीं मिलता पीएम आवास: मोदी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब पीएम आवास योजना में घर मिलता है तो हर गरीब को घर मिलता है। उसकी जाति, उसका पंथ, उसका क्षेत्र नहीं देखा जाता। जब उज्जवला योजना से गैस का कनेक्शन मिलता है तो माताओं–बहनों से उनकी जाति नहीं पूछी जाति। जब गन्ना किसान का बकाया भुगतान किया जाता है तो वो सभी को बराबरी से मिलता है। ये फर्क मेरे उत्तर प्रदेश के किसान, नौजवान कभी भूल नहीं सकते हैं। जो लोग जाति का वास्ता देकर वोट मांग रहे हैं। सत्ता में आने पर उन्हें केवल अपने परिवार का ही ध्यान रहता है। पीएम मोदी ने कहा विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि ये आएंगे तो गुंडों के सपने पूरे होंगे। इसलिए फिर से भाजपा को वोट देकर योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाएं। बता दें कि पीएम मोदी और सीएम योगी को सुनने के लिए सुबह से ही जनसभा में भारी पहुंचने लगी थी। खासकर महिलाओं की संख्या ज्यादा है। सीएम योगी के साथ भाजपा नेता मोहित बेनीवाल सहित अन्य नेता पहुंचे हैं। भाजपा नेता मोहित बेनीवाल ने बताया था कि पीएम मोदी रैली को वर्चुअल ही संबोधित करेंगे। वर्धमान कॉलेज के गेट नंबर–1 से लोगों को जनसभा में जाने के लिए एंट्री दी जा रही है। वहीं पीएम मोदी और सीएम योगी की जनसभा के चलते शहर में ट्रैफिक का डायवर्जन किया गया है। चक्कर रोड से शहर के अंदर वाहनों की एंट्री बंद है। जनसभा के चलते सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले पुलिस लाइन पहुंचे, जहां से सड़क मार्ग से वर्धमान कॉलेज जनसभा स्थल आए। उधर, रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने तंज कसते हुए ट्वीट किया। जयंत ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा कि बिजनौर में धूप खिल रही है लेकिन, भाजपा का मौसम खराब है। दरअसल, पीएम मोदी को आज बिजनौर में जनसभा को संबोधित करने के लिए जाना था लेकिन, अब वह वर्चुअल ही रैली को संबोधित करेंगे। ट्रैफिक डायवर्जन का किया ट्रायल पुलिस ने जनसभा से एक दिन पहले ट्रैफिक डायवर्जन का भी ट्रायल किया। पुलिस लाइन से वर्धमान कॉलेज तक एक बार वाहनों की आवाजाही बंद करते हुए डायवर्जन कर दिया। वाहनों को चक्कर रोड से गुजारा गया। वर्धमान कॉलेज के बाहर बैरिकेडिंग कर वाहन रोक दिए गए थे। डेरा डाले रहे एसपीजी और पुलिस के अधिकारी रविवार को एसपीजी के एआईजी और एडीजी एसपीजी आलोक कुमार शर्मा वर्धमान कॉलेज में डटे रहे। उन्होंने पुलिस बल को ब्रीफ भी किया। अधिकारी सुरक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे रहे। वहीं एडीजी बरेली जोन राजकुमार भी जिले में डेरा डाले रहे। उन्होंने भी पुलिस अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। एक दिन पहले ही पहुंचीं गाड़ियां पीएम के काफिले में शामिल रहने वाली करीब 40 गाड़ी रविवार को ही वर्धमान कॉलेज में पहुंच गईं। जैमर वाली गाड़ी भी एक दिन पहले ही पहुंच गई। इन गाड़ियों से भी बाकायदा ट्रायल किया गया।

## गंगा आरती में स्वर कोकिला को किया नमन : काशी के इन दिग्गजों ने किया याद

वाराणसी ब्यूरो : दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि की ओर से गंगा आरती में स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार की शाम को होने वाली गंगा आरती लता मंगेशकर के नाम रही। मोक्ष दायिनी मां गंगा के तट पर दीपों से स्वर की देवी को दीपांजलि दी गई। मां गंगा में दीप दान पर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की गई। कोरोना काल में पिछले कुछ हफ्तों से मां गंगा की आरती सांकेतिक रूप से संपन्न की जा रही है। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुशांत मिश्रा, आशीष तिवारी, हनुमान यादव व भव्या रूपानी मौजूद रहे। सदियों में पैदा होतीं हैं लता मंगेशकर। पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र ने कहा कि आज मैंने सुना तो इतना दुःख हुआ कि मैं इसका वर्णन नहीं कर सकता। वे मुझे बहुत मानती थीं। मैं मुंबई जब उनके घर गया तब हाथ पकड़कर अंदर ले गईं। देखा कि कोने में दो तानपूरा रखे थे। लता जी की आवाज में जो सुरीलापन था, वह बहुत कम लोगों में मिलता है। ऐसी गायिका सदियों में एक ही पैदा होती हैं। लता जी की आवाज में जो ओज था। मैं उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। संगीत के एक युग का अंत हो गया। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र ने बताया कि लता मंगेशकर के जाने से एक युग का अंत हो गया। वे ऐसी गायिका थीं जिन्हें शास्त्रीय व लाइट म्यूजिक वाले दोनों पसंद करते थे। उन्होंने पंडित भीमसेन जोशी व राजन–साजन के साथ भी गायन किया। सदियों के अंतराल के बाद ऐसे कलाकार जन्म लेते हैं। युवा कलाकारों के लिए लता जी एक आदर्श हैं। जागृत सरस्वती चली गईं देवलोक। पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने कहा कि इस धरती पर जागृत सरस्वती देवलोक को प्रस्थान कर गईं। प्रथम श्रुति की गर्भनाल जैसे आज टूट गई। संगीत आज मौन हो गया। लता जी का बिछोह व्यक्तिगत आघात सा है। देवी को कृतज्ञ प्रणाम नमन वंदन। उनके जाने से संगीत जगत में जो रिक्तता आई है उसको भरना मुश्किल है।

## 3 बच्चो के साथ कुए मे कूदी महिला दो अबोध की मौत : बच्ची का खोजा जा रहा शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मीरगंज थाना अंतर्गत अगहुआ गांव मे रविवार शाम अपने मायके आयी महिला ने अपने दो अबोध जोडवा लडको व एक 4 वर्षिय लडकी के साथ कुए मे छलांग लगा दिया। महिला के कुएं में छलांग लगाते ही आसपास देख रहे ग्रामीण दौड़कर कुँए के पास पहुंचे ग्रामीणों ने किस प्रकार महिला को बाहर निकाला लेकिन तब तक दोनों जुड़वा बच्चों की मौत हो चुकी थी जबकि लडकी शव को ग्रामीण कुए से निकालने मे जुटे है। मीरगंज थाना के अगहुआ गांव निवासी छोटेलाल प्रजापति की पुत्री अन्तिमा की शादी पांच साल पहले सिकरारा थाना के चकमैथा डमरुआ निवासी सतीश के साथ हुआ था अन्तिमा जनवरी माह मे खिचडी के बाद मायके आयी थी उसका पति सतीश मुम्बई रहता है। रविवार की शाम अन्तिमा अपने दोनो 9 माह के जुडवा बच्चो व बडी लडकी श्रेया 4 वर्ष को लेकर घर से दक्षिण तरफ 300 मीटर दूर सुनसान जगह स्थित कुए के पास जाकर बच्चो के साथ कुए मे कुद गयी । बगल खेतो के पास कुछ लोगो की नजर पडी तो दौड पडे किसी तरह अन्तिमा को बाहर निकाला गया लेकिन दोनो लडको की डुबने से मौत हो गयी लेकिन बडी लडकी श्रेया को कुए से बाहर नही निकाला जा सका है। मायके के लोगो ने ससुराल जन को घटना की जानकारी दे दी है। मायके वालो के अनुसार महिला की मानसिक स्थिति ठीक नही है उसकी दवा चल रही है। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह ने जेसीबी मशीन बुलवाकर बच्ची की तलाश कर रहे हैं।बच्चों के शव को कब्जे में लिया गया गया है।बच्ची की तलाश की जा रही है।परिजनो के अनुसार महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है।विधिक कार्यवाही की जायेगी। मौके पर देर रात पहुंचे क्षेत्राधिकारी अतर सिंह ने बताया कि बच्चों की लाश बरामद कर ली गई है महिला अंतिमा को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है एक बच्ची 4 वर्ष की है उसकी लाश को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## राजधानी की महिला व्यापारियों ने विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं अनिवार्य मतदान करने का लिया संकल्प

आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में संगठन की महिला पदाधिकारियों एवं महिला व्यापारियों ने विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने का संकल्प लिया संगठन की महिला इकाई की नगर अध्यक्षा श्रीमती अनिला अग्रवाल ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में महिला व्यापारियों को चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, स्वयं,परिवार , पड़ोसियों, परिचितों एवं व्यापारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करने तथा जागरूक करने का संकल्प दिलाया इस अवसर पर संगठन की नगर अध्यक्षा श्रीमती अनिला अग्रवाल ने बोलते हुए कहा लोकतंत्र में नागरिकों के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है अतः सभी को अपनी जिम्मेदारी से अपने वोट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा वोट की ताकत से ही लोकतंत्र मजबूत होता है सभी को वोट अवश्य करना चाहिए तभी अच्छी सरकार का निर्माण हो सकता है संकल्प लेने वालों में संगठन की महिला पदाधिकारियों में मुख्य रूप से संगठन की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती



मनोरमा मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीनू सक्सेना, उपाध्यक्ष कु. शिखा मिश्रा, उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, ट्रांस गोमती की अध्यक्ष श्रीमती अंजली मौर्य संगठन मंत्री रेनू सिंह, मंत्री नेहा रस्तोगी , श्रीमती कंचन यादव, श्रीमती अरुणा मिश्रा आदि महिला पदाधिकारी शामिल थी।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पूरे प्रदेश में भाजपा का करेगी समर्थन बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने नीरज बोरा को प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुये भगवान परशुराम का फरसा सप्रेम भेंट कर विजय का आशीष दिया और कहा पूरे प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी वही विधायक नीरज बोरा ने कहा कि जो विकास पिछले 70 वर्षों में नही हुआ वह हमारी सरकार ने पांच वर्षों में कर दिखाया और प्रमुख रूप से सड़कों, नाली, सीवर, जल, सेनेटाइजेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिया निर्माण, पुराने लखनऊ(चौक) का सौन्दर्यीकरण और पार्को सहित अन्य मुद्दों पर हमने विस्तार से कार्य किया और पूर्ववर्ती सरकारों ने कब्रिस्तान को पक्का करवाया और हमने घर–घर पानी पहुँचाने की रूपरेखा बनायी और हमारे सामने सीधी लड़ाई में सपा के प्रत्याशी दूर दूर तक नही है और अगर थोड़ा बहुत कोई है तो बसपा होगी इस अवसर पर उत्तरी विधानसभा प्रत्याशी विधायक नीरज बोरा एवं शिक्षक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, मनोनीत पार्षद अन्नू मिश्रा, पूर्व पार्षद अनुराग पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राजेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि ब्राह्मण ने शंख बजाकर विजयघोष कर दिया है लेकिन सरकार बनते ही सवर्ण आयोग का गठन व भगवान परशुराम की जयन्ती पर अवकाश सुनिश्चित होना आवश्यक





है शिक्षक एमएलसी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षको, बेरोजगारी को रोजगार से जोड़ने सहित अन्य मुद्दों पर विशेष बल दिया है और नई शिक्षा नीति से भी आवाम को बड़ा लाभ होगा और आवाम भाजपा के साथ है और हम पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## मतदान के दिन सारा काम छोड़कर बटन दबाने की अपील

आर एल पाण्डेय लखनऊ। नोएडा विधानसभा में विधायक पंकज सिंह ने चिकित्सा संवर्ग एवं हिंदू सेना की संयुक्त मीटिंग में सभी से अपील की



कि सभी उपस्थित लोगों ने भाजपा को जिताने का आश्वासन दिया। डॉक्टर राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद के राष्ट्रीय महासचिव ने अपने उद्बोधन में विधायक जी को आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद पूरे प्रदेश में कमल खिलाने के लिए तन मन धन से लगी हुई है। कृपा शंकर दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासभा नई दिल्ली ने विधायक जी को आश्वस्त करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।अतुल राजपूत ने सबसे कमल के फूल में मतदान के दिन सारा काम छोड़कर बटन दबाने की अपील की।

## 37 वां प्रयाग महोत्सव सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सनातन धर्म परिषद शिविर माघ मेला प्रयागराज में 37 वां प्रयाग महोत्सव आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वामी अखंडानंद कोलकाता . स्वामी तरुणानंद स्वामी दशरथ दास वृंदावन.



श्रीतुलसीदास, परमहंस जूनागढ़, स्वामी साधना नंद. सोमनाथ गिरी एवं सर्वेश्वरी देवी पन्ना तथा प्रतापगढ़ जौनपुर लखनऊ और वाराणसी आदि स्थानों से पधारे साधु संतों ने भाग लिया। सुरेंद्र कुमार शुक्ला और श्री अनिल तिवारी राजू बहराइच ने विशाल भंडारा का आयोजन किया। डॉ. स्वामी भगवदाचार्य अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन धर्म परिषद ने उक्त जानकारी दी।

## मास्टर कोचिंग क्लास मे वसंत महोत्सव कार्यक्रम किया गया आयोजित

कानपुर डीकेयू ब्यूरो : विश्वहिन्दू परिषद दुर्गावाहिनी संगठन कानपुर उत्तर लोकमान्य नगर मे नीरज जी के मास्टर कोचिंग क्लास मे वसंत महोत्सव का कार्यक्रम अभिलाषा तिवारी नगर संयोजिका जी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमे मुख्य रूप से आशीष (प्रान्त सहसंयोजक बजरंग दल) के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई और उन बच्चों को अपने मत को पहचान कर सही मतदान के लिये प्रेरणा दी।और विश्व हिन्दू परिषद के होने वाले आगामी कार्यक्रम की चर्चा की गई।



facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
**जीवन मिट जाता है लेकिन चाहत नहीं मिटती, चाहत सबसे बड़ी भिखारी है।**
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# अलविदा लता मंगेशकरः कुदरत के करिश्मे का खामोश होना

बिस्मिल्लाह खान साहब से लता मंगेशकर जी का जिक्र छेड़ते ही उन्होंने कहा था, 'लता की आवाज में कुदरत बोलता है।' दिलीप कुमार साहब से पूछा, तो उन्होंने कहा, 'लता की आवाज कुदरत की तखलीक का एक करिश्मा है।' और जब खुद लता जी से पूछा था, तो हंसते हुए उन्होंने कहा था, 'ईश्वर से पूछिए न, वही बता सकते हैं। वर्ष 1949 में जब ऑल इंडिया रेडियो से आएगा आने वाला गाना प्रसारित हुआ था, तब पूरे देश ने एक साथ पूछा था कि यह आवाज किसकी है।

रेडियो के उद्घोषक ने रेकॉर्ड पर देखा, तो गायिका का नाम लिखा था कामिनी। प्रसारित हुआ नाम कामिनी। श्रोताओं को विश्वास नहीं हुआ। वे उन दिनों की राजकुमारी, उमा देवी और अमीर बाई कर्नाटकी की आवाज से परिचित थे, लेकिन यह आवाज बिल्कुल मीठी, ताजा और अलग थी। वे मुग्ध कर देने वाली इस आवाज की मलिका का नाम जानने को बेचैन हो गए। रेडियो के अधिकारियों ने रेकॉर्ड कंपनी से जानकारी ली। वे भी गायिका कामिनी को ही बता रहे थे। तब इस फिल्म के निर्देशक कमाल अमरोही से पूछा गया, तो पता चला, गायिका हैं लता मंगेशकर। फिल्म महल के लिए खेमचंद प्रकाश ने लता जी से यह गाना गवाया था, जो उमा देवी को गाना था। गाना लोकप्रिय हुआ, फिल्म हिट हुई और इस गाने से लता श्रोताओं में प्रिय हुई।'

यह सब बताते हुए लता जी उदास हो गईं। उन्होंने कहा, 'फिल्म और फिल्म का संगीत, दोनों लोकप्रिय हुआ, लेकिन फिल्म के प्रदर्शन से पहले ही खेमचंद प्रकाश हमें छोड़कर चले गए। वह मुझे एक और फिल्म के सभी गाने गाने के लिए तैयार कर रहे थे। मैं भेंडी बाजार घराने के उस्ताद से राग गायन सीखती थी उन दिनों। फिल्म में कलाकार को ही गाना पड़ता था यानी पार्श्व गायन अभिनेत्री–अभिनेत्री को ही करना पड़ता था। फिल्म में सुरैया को अभिनय करना था और गाना था, लेकिन वह दूसरी फिल्मों में व्यस्त होने के कारण इसमें काम नहीं कर पा रही थीं। तब अशोक कुमार के कहने से कामिनी की भूमिका निभाने के लिए कमाल साहब ने मधुबाला जी से अनुरोध किया। मधुबाला जी ने कामिनी की भूमिका निभाई, तो रेकॉर्ड पर गायिका का नाम अंकित हो गया कामिनी। कंपनी को लगा कि पर्दे पर कामिनी ही गा रही है। मधुबाला भी उस समय तक लोकप्रिय नहीं हुई थी। और फिर, उस जमाने में नए कलाकारों का नाम तुरंत ब्रॉडकास्ट नहीं होता था।'

लता जी यह सब बता रही थीं और मुझे लग रहा था कि मैं कोई गद्य कोमल सुर में सुन रहा हूं। सत्यजीत रे ने एक बार एक बातचीत के दौरान जब ध्यान दिलाया था कि देश में किशोर कुमार अकेले पार्श्व गायक हैं, जिनकी आवाज गाते समय भी वही रहती है, जैसी बात करते समय, वह बदलती नहीं, तब पहली बार इस तथ्य की ओर ध्यान गया था। लेकिन लता जी से करीब तीन घंटे तक बात करने के दौरान या बाद में भी यह नहीं लगा कि दो आवाजें हैं। वह जब 40 और 50 के दौर में चली जातीं, तो आवाज और सुरीली हो जाती। क्यों, यही जानने की कोशिश में मेरे प्रश्न थे। 'गायन के लिए आवाज पहली खूबसूरती होती है। राजकुमारी, सुरैया, नूरजहां, शमशाद बेगम, मुबारक बेगम, उमा देवी, अमीर बाई कर्नाटकी, खुर्शीद आदि के बीच अपनी आवाज से बिल्कुल अलग सुनाई देना तो पहचान बना लेता है, लेकिन सुनने वाले का दिल जीतने के लिए आवाज ही काफी नहीं', वह बता रही थीं, 'सुर की नासमझ और उच्चारण दोष अच्छी आवाज को भी कुरूप दिखा सकती है।

लोकल ट्रेन में जब यूसुफ भाई (दिलीप कुमार) से मेरा परिचय कराया गया, तो नाम सुनते ही उनके मुंह से निकला, अच्छा, मराठी लड़की, यानी दाल–भात खाने वाली। सुनकर तो बुरा लगा था, लेकिन अगले दिन से ही मैं एक मौलवी से उर्दू सीखने में जुट गई, क्योंकि मैंने यूसुफ भाई का इशारा पकड़ लिया था। दाल–भात खाने वाली लड़की–यानी उर्दू शब्दों का उच्चारण सही नहीं होगा। फिर मैंने अमान अली खान साहब से शास्त्रीय संगीत की तालीम ली। अमीर खान साहब के पिताजी और अंजनी बाई मालपेकर इसी घराने से जुड़े थे, आप जानते ही हैं।'

लखनऊ में वर्ष 1994 में लता मंगेशकर को बेगम हजरत महल पार्क में सम्मानित किया गया था। उसी रात ये बातें हम उनसे होटल में सुन रहे थे। उन्हें सुनना कई आस्वाद को एक साथ सहेजना था। उनकी मीठी आवाज, जेहन में संजोई इस आवाज से जुड़ी स्मृतियों की आवाज और फिर उनके जीवित एहसास के पुराने खंडहर से धीरे–धीरे बाहर आती यादों की आवाज। किसी की पुकार की स्मृति में उस आवाज की स्मृति भी सुनाई देती है। इस आवाज को कानों से सुनने की बचपना कोई नहीं करता। सिर्फ सुनाई देती है पुकार। जैसे कुमार गंधर्व की पुकार। 1950 और 60 के दशकों में लता पूरे देश की सुरीली आवाज बन गई। एम. एस. सुबुलक्ष्मी के बाद आधुनिक भारत की संस्कृति लता की उपस्थिति से चिह्नित होती गई। अब देश की आत्मिक स्वरलिपि और हस्तलिपि, दोनों में एक ही गीत लिखा रहता, लता मंगेशकर। संगीत का ऐसा उत्कर्ष देश ने पहले कभी नहीं देखा था। लता की मुस्कान और रुदन में देश मुस्कराता और रोता था।

मनुष्य में जो गाता हुआ मन है, उसकी वह प्रतिनिधि थीं। सचिन देव बर्मन, नौशाद, मदन मोहन, सी रामचंद्र, रोशन, सलिल चौधुरी, हेमंत कुमार और राहुल देव बर्मन को अपने स्वर में श्रद्धांजलि लता जी ने ही दी थी। इन सभी से जुड़े हजारों किस्से वह उस एक रात में सुना देने को व्यग्र हो उठी थीं, लेकिन उनकी आवाज को आराम मिले, मेरे इस अनुरोध को उन्होंने अंततः स्वीकार कर लिया। वह अचानक कह बैठीं, 'सब तो एक एक कर चले गए। मुझे सबके साथ जीना पड़ा और श्रद्धांजलि देनी पड़ी। मुझे कौन देगा श्रद्धांजलि!' उनके स्वर में अब मौन घुलने लगा था। वह कह रही थीं, 'दरअसल अभी–अभी श्रद्धांजलि रेकॉर्ड तैयार हुआ और पंचम (राहुल देव बर्मन) के लिए बोलकर आ रही हूं। पंचम के पास अभी बहुत सुर थे। लेकिन वे सब सुर उसके साथ ही चले गए। मैंने तो सिर्फ गाया। सुर तो इन सब (संगीकारों) के पास थे। जब संगीतकार ही नहीं रहे, तो इस आवाज का क्या? अब मैं सिर्फ सुनना चाहती हूं, मौन रहना चाहती हूं।' लता मंगेशकर की उस आवाज में तब एक करुण पुकार थी। मीठी और मधुर होकर भी इस समय कुदरत की यह आवाज दर्द के सुर में सुनाई दे रही है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने विधायक अम्बरीश पुष्कर के टिकट काटने को उनका अपमान बताया

आर एल पाण्डेय लखनऊ। विधानसभा चुनाव को लेकर जन प्रतिनिधियों ने कमर कस ली इसीक्रम में मोहनलालगंज विधानसभा के चुनावी रणनीतियों को लेकर गोसाईगंज में केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोहनलालगंजवासियों एवं भाजपा पदाधिकारियों को 35 वर्षों से लगे विधानसभा पर लगे कलंक को खत्म करना होगा वही चौतरफा विकास को लेकर हम प्रतिबद्ध है हमे विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी अमरेश रावत को विधानसभा पहुंचाकर इतिहास रचना है और डबल इंजन की सरकार चौतरफा विकास को लेकर प्रतिबद्ध है और जिस प्रकार से कोरोना काल से अब तक चाहे राशन देकर, आवास देकर और ई–श्रम कार्ड के माध्यम से सम्मान व किसान सम्मान निधि के माध्यम से हमारी केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने आमजनमानस की मदत की इसीक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने अम्बरीश पुष्कर को भाजपा में आ जाने का न्योता भी दे दिया कहा कि यह उनके द्वारा पार्टी के योगदान पर संदेह जाहिर करता है कि टिकट देकर काट देना उनके साथ इससे बड़ा विश्वासघात क्या होगा और कहा कि सरोजनीनगर से कई बार



विधायक रहे शारदा प्रताप शुक्ला जैसे वरिष्ठ नेता को जब कई बार सपा ने नजर अंदाज किया तब वह हमारी अगुवाई में भाजपा से जुड़कर प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मोहनलालगंज ओमप्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी ने कहा कि मोहनलालगंज में कमल का फूल खिलाएंगे, कलंक को मिटायेंगे। चेयरमैन गोसाईगंज निखिल मिश्रा, ब्लाक प्रमुख गोसाईगंज डिंपल वर्मा, विधानसभा प्रभारी मोहनलालगंज आरबी सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य भाजपा के पदाधिकारी ने अपने वक्तव्य मुख्य रूप से रखे और पार्टी की उपलब्धियों को गिनाया।

## सैकड़ों महिला भक्तों ने पार्क में किया संगीतमय सुंदर कांड

आर. एल. पाण्डेय लखनऊ. बसंत पंचमी पर्व पर इंदिरा नगर बी ब्लॉक में स्थित सिद्धेश्वर मंदिर पार्क में सैकड़ों महिला भक्तों ने संगीतमय सुंदर कांड पाठ, भजन – कीर्तन किया और हर हर महादेव, जय श्रीराम का जयघोष किया. कार्यक्रम में आये सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण व तहरी भोज कराया गया. बाद में, शाम को बी ब्लॉक चौराहे पर स्थित साईं मंदिर और सी ब्लॉक के श्रीहनुमान मंदिर में जरूरतमंदों को भी तहरी बाँटी.सिद्धेश्वर मंदिर जीर्णोद्धार समिति से जुड़ी नीलम दीक्षित ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व पर दोपहर 12 बजे से सरस्वती पूजन के साथ ही महिला भक्तों द्वारा सुंदर कांड का संगीतमय स्वर पाठ किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती उमा त्रिपाठी, नीलम मिश्र, बेबी पाण्डेय, संतोष शुक्ला, सीमा दीक्षित, सरिता श्रीवास्तव, रंजना दूबे, शशी गुप्ता, किरण, रूबी राय, नीलम पाण्डेय, पूनम पाण्डेय, प्रीती दीक्षित, मीनू, प्राची सिँह, अपर्णा शुक्ला व नीलू मिश्रा आदि



ने सक्रिय जिम्मेदारी निभाई.उन्होंने बताया कि सभी महिलाओं ने सुंदर कांड पाठ के बाद भजन – कीर्तन किया. बाद में तहरी भोज का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में पूजा श्रर्मा सत्या त्रिपाठी, किरण तिवारी, भूमिका, बिट्टू, नीशू, प्रीतू, प्रिया, भावना, आन्या व प्रियम आदि भक्तजनों की सक्रिय भागीदारी रही।

## कागजों पर ही सिमटे रह गए जांच के आदेशः नहीं निकला कोई निष्कर्ष

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धीकपुर जौनपुर में कार्यरत एक शिक्षक द्वारा अनधिकृत तरीके से कर्मचारी संघ के लेटर पैड का इस्तेमाल लंबे समय से किया जा रहा जिसको लेकर कुछ कर्मचारियों द्वारा शिकायत करने पर जांच के आदेश तो हो गए लेकिन शिक्षक के अच्छी पकड़ व दबदबा होने से यह जांच सिर्फ कागजों पर ही सिमटा रह गया, सूत्रों के मुताबिक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर में अखिलेशे कुमार सिंह शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं इनके द्वारा कर्मचारी संघ के लेटर पैड का अनाधिकृत रूप से प्रयोग करना और खुद को कर्मचारी संघ के प्रथम उपाध्यक्ष घोषित किए जाने पर कर्मचारियों द्वारा मांग की गई थी जिसमें उक्त शिकायत पर अखिलेश से जवाब मांगा गया था लेकिन महीने बीत जाने पर भी उनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। आपको बता दें 23 जून 2018 को उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन के उपरांत चुनाव परिणाम के आधार पर जिन पदाधिकारियों को निर्वाचित घोषित किया गया था उसमें अखिलेश कुमार सिंह तथा हरिओम सिंह दोनों उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित थे किंतु किसी को प्रथम या द्वितीय घोषित नहीं किया गया था ना ही ऐसा संघ के अभिलेखों में दर्ज है तथा अखिलेश कुमार सिंह द्वारा प्रथम उपाध्यक्ष बताए जाने और कर्मचारी संघ के लेटर पैड का इस्तेमाल करना गलत है। वही कर्मचारी संघ के महामंत्री रजनीश अरोड़ा द्वारा इस क्रम में निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ को एक पत्र भी लिखा गया था जिसमें अखिलेश कुमार सिंह द्वारा अपनाई जा रहे हैं रवैया पर कार्रवाई किए जाने पर बात कही थी। इतना ही नहीं अखिलेश कुमार सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर में लगातार अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए संस्थान के शिक्षक से अव्यवस्थित रवैया अपनाते हैं और खुद को कर्मचारी संघ का उपाध्यक्ष बताते हैं जिस पर अभी तक शासन द्वारा किसी भी तरीके की कार्यवाही की नहीं जा सकी अब देखना यह है क्या जांच के आदेश कागजों तक ही रहते हैं या फिर जमीनी स्तर पर इसकी जांच होती है और दोषी पाए जाने पर दंडित किया जाता है कि नहीं।

## किसान की शिकायत पर पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारी

शाहजहाँपुर ब्यूरो : बीते दिवस कस्बा सेहरामऊ दक्षिणी स्थित तिराहा से थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव चोढेरा निवासी किसान खाद की बोरी खरीद कर ले गया जिसमें मानक के अनुरूप भर्ती एवं खाद नकली होने की शिकायत पर पहुंचे अधिकारियों ने छापामार कार्यवाही करते हुए गोदाम को सील किया। जबकि मौके पर खाद का स्टाक नहीं मिला और न ही कोई अबैध वस्तु बरामद हुई। बताते चलें थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के ग्राम चोढेरा निवासी हिमांशु वर्मा ने सेहरामऊ दक्षिणी कस्बा तिराहा स्थित तिवारी मार्केट से विनोद तिवारी की दुकान से इफको कम्पनी की खेत में डालने के लिए डी ए पी खाद की एक बोरी खरीद कर अपने खेत पर ले गया। और बोरी खोलने पर खाद नकली होने की संभावना दिखाई देंने पर हिमांशु वर्मा ने अपर जिला कृषि अधिकारी मेराज अहमद को सूचना दी थी। सूचना को कृषि अधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए सोमवार की सुबह हिमांशु वर्मा के साथ मेराज अहमद ने अपनी टीम के अलावा थाना सेहरामऊ दक्षिणी में तैनात उप निरीक्षक अनवार अहमद एवं सुशील विश्नोई की टीम में शामिल हेड कांस्टेबल विनय कुमार के साथ दुकान पर छापामार कार्यवाही करते हुए गोदाम को सील करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिए दुकानदार को नोटिस जारी किया गया कर दिया।

## देशभर के कई करोड़ अधिकारी कर्मचारी एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन चाहते हैं : इप्सेफ

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : प्रधानमंत्री जी देशभर के कई करोड़ अधिकारी कर्मचारी एनपीएस को समाप्त कर पुरानी पेंशन चाहते हैं एवं बेरोजगारी एवं रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्तियों दी जाए आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा है एक नीति बनाई जाए सरकारी संस्थानों का निजीकरण बंद किया जाए इंडियन पब्लिक सर्विस इंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्रा एवं महामंत्री प्रेमचंद्र ने प्रधानमंत्री जी से फिर आग्रह किया है कि देशभर के युवा वर्ग की भलाई के लिए पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए। क्योंकि सेवानिवृत्ति के बाद पतिध्पत्नी की जीविका का सहारा पेंशन ही होता है। बाल बच्चे बड़े होने पर कहीं रोजगार करने बाहर चले जाते हैं सेवानिवृत्त कर्मचारी को पेंशन नहीं मिलेगी तो वह भूखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। लोकतांत्रिक सरकार सभी वर्गों को किसी न किसी रूप में पेंशन दे रही है फिर सरकारी कर्मचारियों को पेंशन ना देना कहां तक उचित है। एनपीएस में सेवानिवृत्ति पर कितनी पेंशन मिलेगी सरकार नहीं बता पा रही है। श्री प्रेमचंद्र में चिंता व्यक्त की है कि देशभर के नौजवानों की रोजी रोटी की समुचित व्यवस्था भी सरकार नहीं कर पा रही है आउटसोर्सिंग संविदा को नौकरी की संज्ञा नहीं दी जा रही सकती है। उनको रोटी खाने का भी पारिश्रमिक नहीं मिलता है शोषण अलग से होता है। उन्होंने मांग की है कि रिक्त पदों पर भर्ती है विभागीय चयन कोई बनाई जाए जिसमें तत्काल भर्तियां हो जाए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शशि कुमार मिश्र एवं सचिव अतुल मिश्रा ने मांग की है कि सरकारी संस्थानों का निजी करण तत्काल बंद किया जाए क्योंकि निजी संस्थानों में काम करने वालों को श्रम का शोषण करती हैं उन्हें राजीव वेतन व सुविधाएं भी नहीं देती हैं और काम 12 घंटे करा लेती हैं। उनके जॉब की भी सुरक्षा नहीं होती है जब चाहे नौकरी से निकाल देते हैं करो ना बीमारी में भारी संख्या में लोग निकाल दिए गए हैं हैं उन्हें वापस नहीं लिया गया। जिस पर से हजारों लोग बेरोजगार कर दिए गए हैं सरकार कोई व्यापारिक संस्था नहीं है जो घाटा नुकसान देखें। भारत सरकार से आग्रह है कि इप्सेफ द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर जनहित में निर्णय करें वरना भारत सरकार को बड़े बड़े आंदोलन झेलना पड़ेगा।

## चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट एवं मित्र परिवार ने भाजपा उम्मीदवार रजनी तिवारी को दिया समर्थन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : चित्रगुप्त सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि देश हित पहले, व्यक्तिगत हित हमेशा बाद में होना चाहिए इसी कड़ी में समाज मे फैली कुरूतियों को दूर करने एवं अराजकता को रोकने को लेकर सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ 2022 के चुनाव में शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय जनसेविका विधायक रजनी तिवारी को श्री चित्रगुप्त धाम सेवा ट्रस्ट परिवार एवं मित्र परिवार सदस्यों के साथ रजनी तिवारी को अपना समर्थन दिया। हमारी पूरी टीम विधायक रजनी तिवारी को इस बार के चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाने में अपना पुरजोर प्रयास करेगी प्रत्येक वोटर को ध्यान रखना चाहिए कि जिसको अपना मत दे रहे हैं, उस का व्यक्तित्व कैसा है? क्योंकि लोकतंत्र में आप स्वतंत्रत हैं। अगर आप एक अच्छे देश प्रदेश का स्वरूप देखना चाहते है तो भाजपा की सरकार पुनः बनाने का मार्ग प्रशस्त करें। भाजपा प्रत्याशी रजनी तिवारी ने कहा कि मैने क्षेत्र विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी।फिर भी अगर कोई समस्या तो भविष्य में प्राथमिकता से उसका समाधान करेंगे।उन्होंने बताया कि आंझी रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज, ककरघटा में मिनी स्टेडियम तथा समूचे क्षेत्र को जोड़ने वाले अनेक मार्ग तथा हरदोई रोड पर सैदपुर और मियांपुर में दोनों ओर के पुलों का निर्माण कराकर राजधानी लखनऊ का सफर आसान बनाया।सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ शाहाबाद की जनता को दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने कहा कि सपा बसपा के भय और आतंक,भ्रष्टाचार से बचने के लिए भाजपा को वोट दें।समाज और देश की सेवा के हर क्षेत्र में भाजपा की केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार ने कीर्तिमान स्थापित किया है। ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने कहा कि विधायक रजनी तिवारी के प्रयास से ही गांवों का समुचित विकास हुआ है।थाना,तहसील,ब्लॉक की समस्याओं को त्वरित गति से हल किया गया। भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि इस



बार भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होगी।क्योंकि वह खुलकर उनका प्रचार कर रहे हैं। अनुराग श्रीवास्तव के साथ भाजपा में शामिल होने वाले लोगो में सुखदेव अग्निहोत्री, सुरेंद्र राठौर , जय सिंह , मुन्ना लाल श्रीवास्तव , कौशल कुमार श्रीवास्तव ,वंसज अग्निहोत्री ,संदीप श्रीवास्तव ,विकास वर्मा , अविरल बाजपेयी , पुनीत अग्निहोत्री , सी आई डी शुकला , रोहित द्विवेदी , नंन्हे लाल श्रीवास्तव ,अवधेश श्रीवास्तव ,मोहित श्रीवास्तव ,सुंदरम अग्निहोत्री , प्रवेश ,शिवम पाठक , अखिलेश्वर नाथ शुक्ला ''सीआईडी, गंगा राम , राजीव यादव , आलोक सक्सेना , गोपाल सक्सेना,रजनीश सैनी ,सौरभ बाजपेयी , फारिक खां , योगेश दीक्षित, समीर खां ,देवेंद्र मिश्र, कुशलेश कुमार संत ,श्याम जी, गौरव सक्सेना ,जगमोहन ,राहुल कुमार , राजेन्द्र कुमार,दिनेश सिंह सहित सैकड़ों लोग भाजपा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्र नवनीत गुप्ता, महामंत्री अंकित मिश्रा , पिंटू पांडेय,सभासद सोनू अवस्थी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला महामंत्री संतोष अग्निहोत्री ,प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभाकर वाजपेयी, शिव प्रसाद , इमरान खां, संदीप श्रीवास्तव ,ब्लॉक प्रमुख प्र श्यामू त्रिवेदी , भाजपा के जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन आदि मौजूद रहे।

## लाव लश्कर के साथ मुकुल सिंह आशा भाजपा में शामिल : सपा में मची खलबली

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : देश के प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जिसे प्रभावित होकर राष्ट्रवादी विचारधारा से ओतप्रोत भारतीय जनता पार्टी में पूर्ण निष्ठा व आस्था जताते हुए सपा के छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव मुकुल सिंह आशा ने सपा को त्याग दिया तथा सैकड़ों समर्थकों के साथ बीडीसी सदस्य अधिवक्ताओं व सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होकर समाजवादी खेमे में खलबली मचा दी है। लगभग एक दशक तक सपा में रहे मुकुल सिंह आशा राजनीतिक क्षेत्र में अपनी एक साख बनाए हुए थे और वही ताकत भाजपा की सदर विधानसभा सहित 8 विधानसभाओं में नई ऊर्जा व ताकत देकर भाजपा की विजय पताका फहराने का काम करेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश पाल, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष, सदर विधायक व पूर्व मंत्री नितिन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र ने, उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू, संदीप सिंह , जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण कराई । मुकुल सिंह आशा के साथ ग्राम कौढ़ा के क्षेत्र पंचायत सदस्य अरुण सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनीश सिंह , ग्राम सभा आशा के प्रधान अनीश, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवजन सभा गजेन्द्र सिंह , प्रसपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के



जिलाध्यक्ष डॉक्टर प्रतीक द्विवेदी , करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष अनुपम सिंह, चित्रगुप्त सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, इस्माइल , अंकित सिंह आशा , मुकेश सिंह, अजित सिंह, उमाकांत गुप्ता, नरेश सक्सेना, संतोष सक्सेना, मुन्ना गुप्ता, लाल बहादुर गुप्ता, पवन गुप्ता, बबलू गुप्ता, शिवकुमार, सुरेश कश्यप, बँटी श्रीवास्तव, पंकज सिंह, रामनारायण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, भानु प्रताप सिंह, ध्रुव प्रताप सिंह, दिवाकर दीक्षित, शुभम सिंह, रूपेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह चौहान, आनंद सिंह छोटू, रामशंकर, सहित सैकड़ों समर्थक भाजपा में शामिल हुए।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान की अपील

आगरा ब्यूरो : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा महानगर ने बुधवार से मतदाता जागरूकता अभियान शुरू कर दिया है। मेरा वोट मेरी आवाज के तहत शुरू हुए अभियान आगरा की सभी विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता द्वारा पत्रक के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान की अपील की। संगठन के महानगर मंत्री कर्मवीर बघेल कहां की हम इस लोकतंत्र के पर्व को पूर्ण अपनी जिम्मेदारी के साथ निभाना है हम सभी को तो अपना मतदान करना है साथ ही अपने साथ के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना है संगठन के महानगर सह मंत्री दीपक कश्यप ने बताया कि जो लोग मतदान नहीं करते हैं वे लोग अवश्य मतदान करें साथ ही अपना मत सही जगह इस्तेमाल करें। आगरा की सभी विधानसभा क्षेत्रों न्यू में विद्यार्थी परिषद के प्रत्येक कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर और प्रमुख




बाजारों में जाकर वहां के समस्त वासियों से शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। रमन शर्मा,आस्था, कुनाल , शुभम, मोहित यादव, मनमोहन, कार्तिक , प्रशान्त, मधु, तान्या, सुब्रत, सुमीत, दीपू, पुनीत, मयंक, कनक, अंशुमन , सोमेश, यश सारस्वत, उमंग, सौरभ सारस्वत, आदि उपस्थित रहे।

## स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है : उप जिला निर्वाचन अधिकारी

जौनपुर सू.वि. : उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश ने सर्व साधारण को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन–2022 भारत निर्वाचन आयोग के पत्र द्वारा कार्यक्रम को संशोधित करते हुए स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन हेतु संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है तथा निर्देशित किया गया है कि उल्लिखित निर्वाचन क्षेत्र के सम्बन्ध में जो भी नाम निर्देशन पत्र 04 और 05 फरवरी 2022 को भरे गये होगें उन पर भी ऐसे अन्य नाम निर्देशन पत्रों के साथ विचार किया जायेगा जो 15 मार्च 2022 से 19 मार्च 2022 तक भरे जा सकते है। नामांकन पुनः प्रारंभ करने की तिथि 15 मार्च 2022 मंगलवार, नाम निर्देशन हेतु अंतिम दिनांक 19 मार्च 2022 शनिवार, नाम निर्देशनों की संवीक्षा हेतु दिनांक 21 मार्च 2022 सोमवार, नाम वापसी हेतु अंतिम दिनांक 23 मार्च 2022 बुधवार, मतदान का दिनांक 09 अप्रैल 2022 शनिवार, मतगणना का दिनांक 12 अप्रैल 2022 मंगलवार, वह दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा 16 अप्रैल 2022 शनिवार निर्धारित किया गया है।

## थाना मुंगरा बादशाहपुर के जघन्य अपराध में अभियुक्तगण को विभिन्न धाराओं में चार वर्ष के कारावास व 600 रु0 का लगाया जुर्माना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना मुंगरा बादशाहपुर के जघन्य अपराध में जनपदीय पुलिस की सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही से अभियुक्तगण को विभिन्न धाराओं में चार – चार वर्ष के कारावास व 600 – 600/– रु0 के का जुर्माने से दंडित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस जौनपुर द्वारा मु0अ0सं0 11/2019 धारा 402/34 भा0द0वि0 व मु0अ0सं0 15/2019 धारा 04/25 आयुध अधिनियम थाना मुंगरा बादशाहपुर की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी एवं आरोप पत्र अभियुक्तगण के विरुद्ध माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। माननीय न्यायालय में उपर्युक्त मुकदमें के विचारण के दौरान जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी के परिणामस्वरुप दिनांक 05.02.2022 को माननीय न्यायालय सत्र न्यायाधीश जौनपुर द्वारा अभियुक्तगण अरुण खरवार, बादल खरवार, तथा राजू उर्फ सद्दाम प्रत्येक को 402/34 भा0द0वि0 के अंतर्गत तीन–तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा मु0 500–500/– रु0 जुर्माना जुर्माना अदा न करने पर 15–15 दिन का अतिरिक्त कारावास तथा अभियुक्त अरुण खरवार को धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1 वर्ष के कारावास व मु0 100 रु0 जुर्माना जुर्माना अदा न करने पर 1 सप्ताह का अतिरिक्त कारावास तथा अभियुक्त राजू उर्फ सद्दाम को धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 1 वर्ष के कारावास व मु0 100 रु0 जुर्माना जुर्माना अदा न करने पर 1 सप्ताह का अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया।अभियुक्त द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गयी अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## थाना मड़ियाहूं पुलिस ने हत्या के वांछित 02 अभियुक्तों को किया किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के दिशा निर्देशन व पर्यवेक्षक में आपराधियों की गिरफ्तारी व आपराधा की रोकथाम व आगामी विधानसभा चुनाव 2022 के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 05.02.2022 को SHO अशेषनाथ सिह मय का. दीपक कुमार व का. कमलेशकुमार द्वारा दिनांक 04.02.2021 की शाम करीब 07 बजे गौरही महादेव मन्दिर पर शराब पीने की बात को लेकर तीन अभियुक्तो द्वारा सुरेन्द्र प्रसाद यादव पुत्र राजनारायण यादव निवासी भुसेहरा




थाना मडियाहूँ, जौनपुर उम्र करीब52 वर्ष की ईट पत्थर से कुचलकर हत्या करने वाले अभियुक्तो मे से दो अभियुक्त 1. जयप्रकाश यादव उर्फ प्रकार 2. विकास यादव पुत्रगण रामजनम यादव निवासीगण ग्राम टेकारडीह थाना मडियाहूं, जौनपुर को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 05.02.2022 को रात्रि में जब वे रेलवे स्टेशल मडियाहूँ से कही भागने की फिराक मे थे गिरफ्तार किया, जिनकी निशान्देही पर हत्या में प्रयुक्त किया गया खूनालूद ईट बरामद किया गया। विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. जयप्रकाश यादव उर्फ प्रकास पुत्र रामजनम यादव नि. ग्राम टेकारडीह थाना मडियाहूँ, जौनपुर 2. विकास यादव पुत्र रामजनम यादव निवासी ग्राम टेकारडीह थाना मडियाहूँ, जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1. अभियुक्तगण द्वारा हत्या में प्रयुक्त किया गया तीन अदद खूनालूद ईट व घटना के समय पहने गये पैन्ट जिसमें खून के छींटे लगे है बरामद आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण के विरूद्ध 1. मु0अ0सं0– 49/2022 धारा 302 भा.द.वि थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 571/2015 धारा 307 भा.द.वि. थाना रामपुर, जौनपुर (अभि0 जयप्रकाश यादव उर्फ प्रकार के विरूद्ध) गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1. प्र0नि0 श्री अशेष नाथ सिंह थाना मडियाहूँ, जनपद जौनपुर। 2. का. दीपक यादव थाना मडियाहूँ, जनपद जौनपुर 3. का. कमलेश कुमार थाना मडियाहूँ, जनपद जौनपुर।

## थाना बदलापुर जौनपुर पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी हमराह का0 दिनेश यादव के द्वारा चौकी क्षेत्र घनश्यामपुर मे रात्रि गस्त, देखभाल क्षेत्र व चेंकिग सदिग्धा/वाहन के दौरान मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र ग्राम तियरा से अखिलेश यादव पुत्र संजय यादव नि0 ग्राम रतासी थाना सिगरामऊ को चोरी की मोटर मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स रंग लाल व काला चेचिस न0 MBLHA11ATF9J30347 बदला हुए नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 26/2022 धारा 411/419/420/467/471 भादवि बनाम अखिलेश यादव पुत्र संजय यादव नि0 ग्राम रतासी थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. अखिलेश यादव पुत्र संजय यादव नि0 ग्राम रतासी थाना सिगरामऊ जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरणकृ 1. एक मोटरसाइकिल






हीरो डीलक्स रंग काला व लाल इंजन नंबर HA11EJF9J11798, चेचिस न0 MBLHA11ATF9J30347 गिरफ्तार करने वाली टीम– 1–उ0नि0 उ0नि0 ईश्वर चन्द्र त्रिपाठी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर । 2–का0 दिनेश यादव थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

## थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने बलात्कार के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व शक्षेत्राधिकारी




मडियाहूँ के दिशा निर्देशन व पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा आज दिनांक 06.02.2022 को मु0अ0सं0 320/2021 धारा 376/504/506/452 भा.द.वि. थाना मडियाहूँ, जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त उदल यादव उर्फ महेश पुत्र रामजीत यादव नि. ग्राम राजापुर नं.1 थाना मडियाहूँ, जौनपुर को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त –1. उदल यादव उर्फ महेश पुत्र रामजीत यादव नि. ग्राम राजापुर नं.1 थाना मडियाहूँ, जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली टीमः 1. उ.नि. श्री शिवभंजन प्रसाद थाना मडियाहूँ, जौनपुर। 2. हे.का. सूरज सोनकर थाना मडियाहूँ, जौनपुर 3. हे.का. दीपचन्द्र चौहान थाना मडियाहूँ,जौनपुर।

## मेरी आवाज ही पहचान है, गर याद रहे कोकिला लता जी नही रहीं : श्रद्धांजलि अर्पित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत ही नहीं दुनियाभर में सोहरत पाने वाली, करोड़ों दिलों पर राज करने वाली ,अपनी सुरीली आवाज से मंत्रमुग्ध व मदहोश कर देने वाली हजारों हजार गीत–गजल गाने के पश्चात एक अमिट छाप छोड़ कर हमारे बीच से चली गईं सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर जी ।28 सितंबर 1929 को एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में संगीत एवं नाटकों का मंचन करने वाले पं दीनानाथ मंगेशकर के पुत्री के रूप में जन्म लिया था। अपने पिता के साथ 05 वर्ष की आयु से ही गायन–अभिनय की शुरुआत करके 13 वर्ष की आयु में पिता को खोने के बाद छोटी बहन आशा जी के साथ साथ पुरे परिवार की जिम्मेदारी इनके कंधे पर आ गई। 1945 में मुम्बई जाना और 1949 में उनकी पहली गीत फिल्म ''महल''की –''आयेगा आने वाला हिट हुई थी। 1962 में एक तरफ– उन्हें जहर दिया जाना, और कुछ महिने के संघर्ष एवं इलाज से स्वस्थ होना तथा दुसरी तरफ– देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में सहिदों की श्रद्धांजलि सभा में लता जी द्वारा '''' ऐ मेरे वतन के लोगों जैसी मर्मस्पर्शी गीत प्रस्तुत करके केवल उपस्थित जनों को ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नेहरू को आंखों में आंसू भरने के लिए मजबूर कर दिया था। फिर तो क्या था ! कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनके यादगार गानों में तू जहां जहां चलेगा मेरा साया साथ होगा रहें ना रहें हम महका करेंगे तेरा मेरा




प्यार अमर– फिर क्यूं मुझको लगता है डर ऐ मालिक तेरे बंदे हम सहित भावपूर्ण अमर संदेश के साथ––मेरी आवाज ही पहचान है गर याद रहे, नाम भूल जायेगा–चेहरा ये बदल जाएगा जैसे अमिट संदेशभरे आवाज के साथ अब सरस्वती की बर्दहस्तप्राप्त लता जी बसंत पंचमी के अगले दिन 06 फरवरी 2022 को प्रातः 08.12 बजे अंतिम सांस ली। भारत ने राष्ट को समर्पित एक तपस्वी ब्यक्तित्व को खो दिया है। सम्पूर्ण राष्ट्र गमगीन माहौल में श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। ओम् शान्ति शान्ति शान्ति डॉ अखिलेश्वर शुक्ला, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर,(उप्र) 222001।

## प्रतिनिधित्व न मिलने से नाराज वैश्य समाज का लगा जमावड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सुतहट्टी चौराहे पर स्थित एक प्रतिष्ठान पर रविवार को सम्पूर्ण वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसका आयोजन इं. कृष्ण कुमार जायसवाल मुन्नू, अरविन्द बैंकर, केके जायसवाल एवं सुग्रीव जायसवाल ने सयुंक्त रूप से किया। इस दौरान वैश्य समाज के प्रति विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा विधानसभा चुनाव को



लेकर जनपद में प्रतिनिधित्व न दिया जाना, वैश्य समाज का सरकारों द्वारा उत्पीड़न, वैश्य समाज के लोगों की हत्या सहित अन्य मूलभूत एवं विषयों पर चर्चा की गयी। इसी क्रम में उपस्थित सभी लोगों ने वैश्य समाज द्वारा रोटी–बेटी के सम्बन्ध पर गम्भीरतापूर्वक विचार किया गया। इसी दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान में एक प्रमुख राजनैतिक दल है जिसको वैश्य समाज के लोग स्थापना दिवस से लेकर आज तक वोट करते चले आ रहे हैं लेकिन जनपद में वैश्य समाज को जितना सम्मान मिलना चाहिये, उतना उस दल द्वारा नहीं दिया जाता है। उसी के विपरीत कुछ जाति विशेष को प्रमुखता से स्थान दिया जाता है। ऐसे में उस जाति के लोगों को एक बार वैश्य समाज की तरह नजरअंदाज करके पार्टी के प्रति उनके प्रेमी, समर्पण, भाव को परखने की आवश्यकता है। बैठक में विकास गुप्ता, शरद साहू, राजेन्द्र स्वर्णकार, सर्वेश जायसवाल, संजय गुप्ता, अशोक चौरसिया, ध्रुव जायसवाल, राजेश गुप्ता, दिलीप जायसवाल, सत्य प्रकाश जायसवाल, अरविंद जायसवाल, संजय केडिया, प्रदीप गुप्ता, विमल गुप्ता, सतीश गुप्ता, संतोष गुप्ता, अजयनाथ जायसवाल, सुरेन्द्र जायसवाल, धीरज कुमार, संजय कुमार, अमित दयानाथ, धीरज गुप्ता, विक्रम गुप्ता, अभिताश गुप्ता सहित तमाम वैश्य बन्धु उपस्थित रहे।

## निर्वाचन के संबंध में सभी कार्मिकों पीठासीन अधिकारियों को दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में 22, जौनपुर स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद निर्वाचन के संबंध में सभी कार्मिकों पीठासीन अधिकारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कहा गया कि लोकतंत्र में प्रत्येक वोट का अपना विशेष महत्व होता है अतः सावधानी पूर्वक चुनाव संपन्न कराएं। प्रशिक्षण में बताया गया कि बैलेट पेपर पर चुनाव किस प्रकार कराया जाए, बैलट पेपर को भरते समय क्या सावधानी रखी जाए और चुनाव कराने के बाद बैलट पेपर को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के लिए जनपद में पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रामप्रकाश द्वारा कहा गया कि चुनाव कराते समय कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कराना हमारी प्राथमिकता है और चुनाव में लगे प्रत्येक कर्मचारी का शत–प्रतिशत टीकाकरण अवश्य होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान मतदाताओं की पहचान किस प्रकार की जाए और बूथ पर पहुंच कर किस प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर सुनील कुशवाहा के द्वारा पी.पी.टी. के माध्यम से चुनाव के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी रजनीश राय, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, उप जिलाधिकारी हिमांशु नागपाल सहित अन्य प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए जेसीआई जौनपुर व रेडक्रास सोसाइटी ने लगाया स्काई बैलून

जौनपुर सू.वि. : जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा0 संदीप पाण्डेय और रेडक्रास सोसाइटी के सचिव डा0 मनोज वत्स के संयुक्त प्रयास से रोडवेज परिसर में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक स्काई बैलून लगाया गया। संस्था द्वारा किये गये इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष वर्मा के हाथों किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने जेसीआई जौनपुर व रेडक्रास सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना किया साथ ही बताया कि प्रजातंत्र में हर व्यक्ति को एक ही मत देने का अधिकार प्राप्त है, इसलिये सबको अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक व्यक्तियों से यह अपील किया कि आप भी अपने आस–पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने बताया कि जेसीआई विश्व के युवाओं की सबसे बड़ी संस्था है और सदैव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती है। रेडक्रास के सचिव डा. मनोज वत्स ने भी लोगों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें। स्वीप कोआर्डिनेटर सै. मो. मुस्तफा, निवर्तमान अध्यक्ष गौरव सेठ, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ, कृष्ण कुमार जायसवाल, राकेश जायसवाल, शशांक सिंह ने भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डा. संदीप पाण्डेय ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी का स्वागत करते हुये बताया कि यदि सभी लोग मतदान के महत्व को



समझेंगे तभी एक सुयोग्य सरकार आ सकती है। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, आशुतोष जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, दिलीप सिंह, प्रदीप सिंह, आरिफ अंसारी, दिलीप जायसवाल, सत्य प्रकाश जायसवाल, अतुल जायसवाल, भरत सेठ, शिवेन्द्र सेठ, रवि सिंह, जनार्दन पाण्डेय, दीपक बाधवा, रंजीत सिंह, सौरभ बरनवाल, विपिन विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हफीज शाह व सचिव प्रदीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। अन्त में कार्यक्रम संयोजक शनि सेठ ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण आज से दो पालियों में प्रारंभ

जौनपुर सू.वि. : विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण 07 फरवरी 2022 से दो पालियों में प्रारंभ हुआ। प्रत्येक पाली में कुल 1350 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम पाली में कुल 20 पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए बेसिक शिक्षा विभाग 11, माध्यमिक शिक्षा विभाग 06, लोक निर्माण विभाग 01, होम्योपैथिक विभाग 01, खण्ड विकास अधिकारी करंजाकला 01, द्वितीय पाली में कुल 26 अनुपस्थित पाए गए जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग 12, माध्यमिक शिक्षा विभाग 12, लोक निर्माण विभाग 01, आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग 01 है। इस प्रकार कुल 2700 मतदान कार्मिको में से 46 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु विभागाध्यक्ष को सूची उपलब्ध करा दी गई है। कुल 29 कमरों में प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्मिकों का प्रशिक्षण कराया गया। प्रत्येक कार्मिक को सामान्य जानकारी एवं हैंड टू हैंड ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण कमरों में दिलाया गया तथा इसके साथ बाहर मैदान में अतिरिक्त ईवीएम मशीनों के माध्यम से भी हैंड टू हैंड ट्रेनिंग दी गई।

## रोड शो पद यात्रा साइकिल बाइक /वाहन रैली तथा जुलूस पूर्ववत प्रतिबन्धित रहेंगे : भारत निर्वाचन आयोग

जौनपुर सू.वि. : भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोविड के घटते हुए मामले/कोविड की स्थिति में सुधार एवं निर्वाचनों के प्रचार अभियान हेतु बचे हुए अल्प समय तथा राजनैतिक दलों/उम्मीदवारों के अधिक संख्या में प्रतिभाग किये जाने पर सम्यक विचारोपरान्त निर्देश दिये गये है :– रोड शो, पद यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैली तथा जुलूस पूर्ववत प्रतिबन्धित रहेंगे। डोर–टु–डोर कैम्पेन के तहत 20 व्यक्तियों की संख्या भी पूर्ववत बनी रहेंगी। रात्रि 8:00 बजे से प्रातः 8:00 बजे तक प्रचार अभियान के सम्बन्ध में प्रतिबन्ध पूर्ववत जारी रहेंगे। आउटडोर/इन्डोर मीटिंग्स/रैलियों के सम्बन्ध में इस शर्त के साथ छूट दी जायेगी कि आउटडोर/इन्डोर मीटिंग्स/रैलियों में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों की अधिकतम सीमा इन्डोर हाल का अधिकतम 50 प्रतिशत एवं खुले मैदान की क्षमता का 30 प्रतिशत अथवा सामाजिक दूरी के मानको को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित क्षमता के अनुरुप होगी, जो भी इनमें से कम हो। यदि राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा निर्धारित सीमा सख्त है या इन्डोर हाल या खुले मैदान के सम्बन्ध में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में प्रतिशत निर्धारित किया गया है, तो इस सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एसडीएमए द्वारा जारी किये गये निदेश प्रभावी होंगे। खुले मैदान में रैलियों जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से निर्धारित मैदान में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन की जायेगी। जिला प्रशासन द्वारा मैदानों का आवंटन समान रूप से ई–सुविधा पोर्टल पर पहल आओ पहले पाओ के आधार पर किया जायेगा। इन मैदानों की क्षमता का निर्धारण जिला प्रशासन द्वारा अग्रिम रूप से किया जायेगा और इसे सभी दलों को अधिसूचित किया जायेगा। मैदानों में प्रवेश एवं निकास के एकाधिक स्थान होने चाहिए, ताकि व्यक्तियों के आवागमन के कारण भीड़ इकट्ठी न हो। सभी प्रवेश द्वारों पर पर्याप्त हैण्ड हाइजीन एवं थर्मल स्कीनिंग की पर्याप्त व्यवस्था हो। प्रवेश द्वारा एवं रैली क्षेत्र में पर्याप्त हैण्ड सैनिटाइजर रखे जायें। बैठने की व्यवस्था में पर्याप्त शारीरिक दूरी एवं मास्क का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। आयोजकों द्वारा शारीरिक दूरी के मानको, मास्क पहनने एवं अन्य निवारक मानको को सुनिश्चित किये जाने हेतु पर्याप्त लोगों की तैनाती की जानी चाहिए। निर्धारित खुले मैदानों में लोगों को विभिन्न समूहों में बाँटकर अलग–अलग व्यवस्था की जानी चाहिए और उन समूहों को पृथक–पृथक किये जाने हेतु व्यवस्थायें की जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में आयोजक आवश्यक प्रतिबन्ध सुनिश्चित करेंगे एवं नोडल अधिकारी इन व्यवस्थाओं का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे। आयोजक तथा सम्बन्धित राजनैतिक दलों द्वारा मीटिंग तथा रैली में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तियों से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एसडीएमए) के दिशा–निर्देश अनुसार कोविड अनुरूप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। कोविड प्रोटोकॉल एवं दिशा–निर्देशों के किसी भी उल्लंघन के लिए आयोजक उत्तरदायी होंगे। आयोजकों द्वारा की गई व्यवस्थाओं के अनुश्रवण के लिए जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नोडल अधिकारियों को नामित किया जायेगा। जनपद के जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कोविड के दिशा–निर्देशों और कोविड अनुरुप व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व होगा कि उपर्युक्त प्रयोजन हेतु स्थानों का अग्रिम चिन्हांकन कराकर उनको अधिसूचित कराते हुए आवंटन सुनिश्चित कराया जाय। आयोग द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि दिनांक 08 जनवरी 2022 को निर्गत Revised Broad Guidelines for Conduct of Elections, 2022 में उल्लेखित अन्य निर्देश यथावत लागू रहेगे। आयोग द्वारा समय–समय पर बुनियादी स्थिति की समीक्षा करते हुए दिशा–निर्देशों में संशोधन के सम्बन्ध में यथावश्कता निर्णय लिया जायेगा।

## अधिकरणों को कियाशील किये जाने हेतु पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देश को लिया गया वापस

जौनपुर सू0वि : जनपद न्यायाधीश एमपी सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कोविड–19 के मामलों को दृष्टिगत रखते हुए अधीनस्थ न्यायालयों/अधिकरणों को कियाशील किये जाने हेतु पूर्व में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत दिशा निर्देश को वापस ले लिया गया है तथा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रों द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश द्वारा पारित प्रशासकीय न्यायालय परिसर में कर्मचारीगण के न्यूनतम प्रवेश एवं चकानुक्रम में ड्यूटी लगाये जाने सम्बन्धी आदेश एवं प्रशासकीय आदेश पर जजशिप में कार्यरत समस्त पीठासीन अधिकारीगण की 50 प्रतिशत ड्यूटी चकानुक्रम में लगाये जाने सम्बन्धी आदेश को माननीय न्यायालय के उक्त निर्देश को दृष्टिगत रखते हुए वापस लिये जाते है, इसके अतिरिक्त माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से निर्गत के अनुपालन में पारित शेष आदेश यथावत प्रभावी रहेंगे। माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अनुपालन में प्रशासकीय आदेश द्वारा इस न्यायिक अधिष्ठान में पीठासीन अधिकारीगण की ड्यूटी चकानुक्रम में लगायी गयी थी, को 08 फरवरी 2022 से निष्प्रभावी किया जाता है तथा समस्त पीठासीन अधिकारीगण द्वारा पूर्व की भाँति न्यायिक कार्य सम्पादित किया जायेगा।

# भाजपा की नीतियो से प्रभावित होकर जन सृजन पार्टी ने दिया समर्थन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय जनता पार्टी के नीतियों से प्रभावित होकर जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने अपने पदाधिकारियों के साथ प्रदेश कार्यालय लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया।सूत्र के मुताबिक लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेई के साथ साथ रीता बहुगुणा जोशी, संजय राय के अलावा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने अपना समर्थन भारतीय जनता पार्टी को दिया।इस मौके पर जन सृजन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार,जन सृजन पार्टी के प्रदेश महासचिव आलोक दूबे,जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनीत सिंह,जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य यतींद्र त्रिपाठी,जन सृजन पार्टी के संरक्षक ओम प्रकाश श्रीवास्तव, सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है।उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश जहां एक ओर भ्रष्टाचार गुंडागर्दी वसूली आपराधिक गतिविधियों से मुक्त हुआ है,वहीं इसी कड़ी में हमारा उत्तर प्रदेश इस समय विकास की ओर भी बढ़ रहा है जो उत्तम प्रदेश के नाम से जाना जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस समय भाजना शासनकाल में महिलाएं व लड़कियां जहां एक ओर अपने को सुरक्षित महसूस कर रही हैं वहीं दूसरी तरफ योगी सरकार ने पिछले 5 साल में बेरोजगारों को रोजगार लघु व कुटीर उद्योगों में विकास सहित अनेकों कार्य किए हैं।जिससे प्रभावित होकर हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दे रही है।इस मौके पर उन्होने कहा कि विधानहभा चुनाव में हमारे पार्टी भाजपा प्रत्याशी को जिताने का कार्य करेगी।वही इसी कड़ी में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि जन सृजन पार्टी भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को देखते हुए यह निर्णय लिया है।उन्होंने कहा कि जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव के दिशा निर्देश पर विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित सभी विधानसभा प्रत्याशियों के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी के साथ मतदाताओं से मतदान करने की अपील करेंगी।इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों को भारी से भारी संख्या में जिताने का कार्य हमारे पार्टी के पदाधिकारी करेंगे।वही इस मौके पर जन सृजन पार्टी के प्रदेश सचिव कार्तिकेय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर कार्य कर रही है।योगी शासनकाल में जहां एक ओर इस सरकार ने कई बेरोजगारों को रोजगार दिलाने का सराहनीय कार्य किया है वही उत्तर प्रदेश के विकास में अग्रसर है।प्रदेश में चारों ओर सड़कें 24 घंटे विद्युत आपूर्ति मेट्रो ट्रेन स्टेडियम मेडिकल कॉलेजों के साथ–साथ अन्य सभी क्षेत्रों में विकास कर रही है।इस मौके पर जन सृजन पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि जन सजृन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर उन्हें अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। जिसका हम सभी पदाधिकारी स्वागत करते हैं।उन्होंने बताया कि हम उनके द्वारा लिए गए इस निर्णय के चलते विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से घोषित सभी प्रत्याशियों को जिताने में पूरी मदद करेंगे। वहीं इसी कड़ी में जन सृजन पार्टी के प्रभारी आईटी सेल सुमित श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव द्वारा जो निर्णय लिया गया है।उसका हम स्वागत करते हैं।इस मौके पर उन्होंने कहा कि जन सृजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव द्वारा जो भी दिशा निर्देश मिलेगा हम उसका पालन करेंगे उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को विजयी भी बनाने का कार्य करेंगे।







# स्वर कोकिला व भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर की निधन से देश में पसरा सन्नाटा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रविवार की सुबह एक बुरी खबर ने पूरे देश को हिला कर रख दिखा दिया जब यह खबर आयी स्वर कोकिला व भारत रत्न से सम्मानित लता दीदी हमारे बीच नही रही।सूत्र के मुताबिक लता मंगेशकर पिछले लगभग एक महीने से बीमार चल रही थीं।उन्हें 8 जनवरी को मुंबई के ब्रीच क्रैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।लता मंगेशकर को कोरोना के साथ निमोनिया भी हुआ था।लता दीदी की उम्र को देखते हुए डॉक्टर्स ने उन्हें आईसीयू में एडमिट किया था। तब से वो लगातार संघर्ष ही कर रही थीं।हिंदी सिनेमा और म्यूजिक जगत को स्तब्धा करने वाली एक बड़ी खबर सामने आई है।जिसे आपको बताते हुए हमें दुख हो रहा है।सबकी चहेती और भारत की स्वर कोकिला लता मंगेशकर का निधन हो गया है।92 साल की उम्र में लता मंगेशकर ने अंतिम सांस ली है।लता मंगेशकर के निधन की खबर से मनोरंजन जगत में सन्नाटा पसर गया है।लता मंगेशकर पिछले 27 दिनों से बीमार चल रही थीं।लता मंगेशकर को 8 जनवरी को उन्हें कोरोना संक्रमित होने के बाद मुंबई के ब्रीच क्रैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।लता को कोरोना के साथ निमोनिया भी हुआ था।लता दीदी की उम्र को देखते हुए डॉक्टर्स ने उन्हें सीधा आईसीयू में एडमिट किया था।तब से वह लगातार संघर्ष ही कर रही थीं।इन 27 दिनों में 2 दिन के लिए उन्हें वेंटिलेटर से हटाया गया था।फिर जैसे ही उनकी तबीयत बिगड़ने लगी फिर से लता को वेंटिलेटर सपोर्ट पर लाया गया था।वही सोशल मीडिया पर लता मंगेशकर के निधन की खबर सुन फैंस और सेलेब्स शॉक्ड हैं. सभी सिंगर की आत्मा को शांति मिलने की दुआ कर रहे हैं।फैंस की आंखें नम हैं. आज हर भारतीय की आंखों में आंसू है. लता मंगेशकर की सुरीली आवाज उनके चाहनेवालों के कानों में



गूंज रही है।अब ये आवाज हमेशा के लिए मौन हो गई है।लता मंगेशकर का म्यूजिक इंडस्ट्री में योगदान अतुलनीय था।जिसे कभी नहीं भुलाया जा सकता।78 साल के करियर में लता मंगेशकर ने 25 हजार गाने गाए।लता को कई सारे पुरस्कारों से नवाजा गया था।वे तीन बार नेशनल अवॉर्ड विनर रही थीं।इसके अलावा दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड और भारत रत्न से भी उन्हें नवाजा गया था।लता मंगेशकर ने 5 साल की उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। जिस उम्र में बच्चे खेलते पढ़ते हैं तब लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली थी।अपने भाई–बहनों के बेहतर भविष्य के लिए कभी शादी नहीं की थी।लता मंगेशकर चाहे ये दुनिया छोड़कर चली गई हैं।लेकिन अपने सदाबहार गानों की विरासत फैंस के लिए छोड़ गई हैं।लता दीदी के इन गानों ने उन्हें इस दुनिया में अमर कर दिया हैं।

# थाना इनायतनगर क्षेत्र में संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के इनायतनगर थाने के हैरिंगटनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पाराताजपुर पूरे भांट मे एक अधेड़ की संदिग्धा परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर सीओ मिल्कीपुर कोतवाल इनायत नगर ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया।और शव का पंचनामा करके शव बिच्छेदन के लिए भेज दिया है।इस संबंध मे कोतवाल इनायतनगर अमरजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पाराताजपुर के पूरे भाँट निवासी पवन कुमार पुत्र बजरंग उम्र लगभग 40 वर्ष कल देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा था। और छप्पर में जमीन पर पाले गए पुआल पर सो गया था। सुबह घर वालों ने जब देखा तो वह मृत पड़ा था।वहीं चौकी प्रभारी हैरिग्टनगंज यशवंत द्विवेदी ने बताया कि मृतक भयंकर शराबी था। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पवन कुमार नशे का आदी था। और शुक्रवार को देर रात वह नशे मे ही घर पहुंचा था।और एक छप्पर मे सो गया था। सुबह जब देर तक नहीं उठा तो घरवालों ने जाकर देखा तो मृत पडा था। जिसकी सूचना पाते ही क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर राकेश श्रीवास्तव, इनायत नगर कोतवाल अमरजीत सिंह एवं हैरिग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने घटना स्थल पर पहुंच कर तहकीकात की। कोतवाल श्री सिंह ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।मामले की पुलिस जांच कर रही है।

# जनता की अदालत में अपनी मासूम बेटी के साथ उतरी गोशाईगंज विधानसभा भाजपा प्रत्याशी आरती तिवारी

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) जिले के विधानसभा गोसाईंगंज के तारुन विकास खण्ड की नँसा बाजार में स्वागत व जन आर्शीवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रत्यासी,आरती तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि गोसाईंगंज की इस जनता को प्रणाम करती हूँ।उन्होने कहा कि जैसा कि आप लोग जानते हैं कि विरोधियों ने उनके पति को फंसा दिया है।मैं चौदह माह की बच्ची को लेकर आप लोंगों से न्याय मांगने आयी हूँ।इस मौके पर उन्होने कहा कि विधायक जी कहते थे गोसाईंगंज मेरा परिवार है।इतना कहते हुए भावुक हो गयी।इस मौके पर उन्होने कहा कि आप लोगो समक्ष न्याय की आस में आई हूँ।इस कार्यक्रम में साकेत महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष फूलचंद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि विधायक जी जिस मामले में जेल में है वह मुकदमा फूलचन्द बनाम सरकार है मैं बाहर आ गया।जबकि बिरोधी षड्यंत्र के तहत इनके पीछे लगे हुए हैं।जिससे गोसाईंगंज में विकास का कारवां रुक जाए।अपनी अपील में भावुक हो गए।उन्होंने कहा कि हमारा मित्र आज विषम परिस्थिति में है उसी के लिये आजमगढ़ से आया हूं।इंसाफ आपको करना है विकास चाहिये कि नही।इस मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राजमणि सिंह ने विधानसभा में बीमारी से इलाज करवाने की राजनीति पर विपक्षी का नाम न लेते हुए कहा कि किसी की गरीबी का मजाक नही उड़ाना चाहिए कहावत है कि एक हाथ से दान दीजिए तो दूसरे को पता नही चलना चाहिए और ये कहते है गरीबों को दवा के लिये पैसा देता था उन्हें यह नही पता है कि मोदी जी ने आयुष्मान कार्ड बनवा दिया कि गरीबों को किसी के सामने हाथ नही फैलाना पड़े।वही पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील सिंह विद्यार्थी ने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा की सरकार बन रही है। निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष आसाराम निषाद ने कहा कि विकास को देखकर ही विरोधी साजिश रचने लगी पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास गोसाईगंज विधानसभा में हुआ जहां सड़कों का जाल बन गया है।भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल ने कहा कि सरकार का मुख्य दे विश्वास विकास है यहां पर किसी भी योजना का लाभ किसी से भी उसकी जाति पूछ कर नही दी जाती है विकास के लिए चाहे राधा हो या रेशमा, रुक्मणी हो या रुकसाना सभी का बराबर लाभ दिया गया। क्षेत्र की किछुटि किशुनदास पुर,पडेलवा, आगागंज बाजार में जनदर्शन कार्यक्रम व स्वागत समारोह के सैलाब उमड़ पड़ा।इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य अवधा क्षेत्र मणीन्द्र शुक्ल मन्नू,,डॉ राजेश त्रिपाठी,सुनील मिश्र, अनिल गिरि, शैलेन्द्र द्विवेदी अन्नू बाबा,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तारुन फायराम वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम वर्मा ,दिनेश वर्मा ब्लाक प्रमुख बीकापुर, पूर्व ब्लाक प्रमुख तारुन गिरजेश वर्मा ,घनश्याम सिंह पटेल ,जाना बाजार सुरेंद्र वर्मा,मेवा लाल वर्मा, सियाराम वर्मा सहित भरी संख्या में जन समूह मोजूद रहा । तारुन नँसा बाजार में सैकड़ों लोगों ने भाजपा की नीतियों पर भरोसा करते हुए पार्टी ज्वाइन किया जिसमें रूप से शेष गिरी अवधेश सिंह अजीत गोस्वामी शंकर यादव संतोष सोनू सिंह सुखनंदन ,अवधेश निषाद राजित राम आसाराम दुर्गा निषाद शिव पूजन ममता भोला निषाद रामरतन यादव जगदंबा श्याम लाल मौर्या लोक नारायण मौर्य राम सुमिरन भगवानदीन वेद प्रकाश दुबे रामजी निषाद राम गरीब निषाद शमशेर निषाद भोला निषाद सहित सैकड़ों लोगों ने आरती तिवारी के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

# भारत रत्न सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के निधन पर डीकेयू व एनबीसी संवाददाताओ सहित अन्य संतो ने जताया शोक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत रत्न सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के निधन पर पूरी अयोध्यानगरी गमगीन रही।इसी कडीध पर देश की उपासना हिन्दी समाचार पत्र/एनबीसी चौनल अयोध्या के संवाददाताओ ने लता दीदी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया।इस मौके पर देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र/एनबीसी चौनल अयोध्या के ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव,डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता,डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता सहित अन्य रिपोर्टर मौजूद रहे। वही इसी कड़ी में अयोध्या में लता दीदी के निधन पर साधु–संतों ने शोक प्रकट किया है।रविवार को आचार्य पीठ तपस्वी छावनी, रामघाट में जगद्गुरु स्वामी परमहंस आचार्य के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस सभा में संतों ने स्वर कोकिला के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर जगद्गुरु स्वामी परमहंस आचार्य ने कहा कि भारत रत्न लता मंगेशकर को हम सबने हमेशा माता सरस्वती के रूप में देखा है। उनका निधन देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। पूरे देश में इस समय शोक की लहर है। अयोध्या में भी साधु–संत शोकाकुल हैं।हम संतों ने शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखा। साथ ही उनकी आत्म शांति के लिए रामलला से प्रार्थना भी किया। परमहंस ने कहा कि सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर भारत की गौरव रही हैं। जब मुझे पता चला कि वह बहुत बीमार हैं। तो मैंने उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए हवन–पूजन, यज्ञ, अनुष्ठान आदि धार्मिक कार्यक्रम किए। लेकिन जब उनके निधन का समाचार मिला। तो इससे बहुत दुख हुआ, जिसको बयां नही किया जा सकता है। धन्य है यह भारत भूमि जहां लता मंगेशकर का प्राकट्य हुआ। उनके जैसा न कोई हुआ है और न होगा। भविष्य में उस रिक्त स्थान की पूर्ति कभी नही की सकती है। भारत ही नही अपितु पूरा विश्व लता मंगेशकर के निधन से दुखी है।उनका जाना हम सबके लिए बेहद दुखद है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

# राममंदिर परिसर सहित अयोध्या की सुरक्षा हाईटेक करने पर मंथन:प्रवेश होते ही शुरु होगी निगरानी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) रामनगरी में विराजमान रामलला जिनके मंदिर की सुरक्षा को देश की सबसे हाईटेक बनाने में मंथन चल रहा है। एक हजार साल तक टिकने वाले राम मंदिर के निर्माण के साथ–साथ उसकी सुरक्षा के लिए भी पूरे देश की इंजीनियरिग लगाई जा रही हैस राम मंदिर सहित पूरी अयोध्या की सुरक्षा देश की सबसे हाईटेक होगीसअयोध्या में प्रवेश होते ही यहां आने वाले की निगरानी शुरु हो जाएगी और रामनगरी में रहने के दौरान की हर गतिविधियों की जानकारी एकीकृत कंट्रोल रूम के पास होगी। सुरक्षा उपकरणों के स्थान तय कर उन्हें समय–समय लगाने की तैयारी पूरी रखी जाय। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र व रामजन्मभूमि के सुरक्षा सलाहकार व बीएसएफ के रिटायर्ड डीजी केके शर्मा,प्रदेश के अपर सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने शनिवार को रामजन्मभूमि परिसर,पुलिस लाईन्स व सर्किट हाऊस में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्र व अयोध्या राजा बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र,आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा आदि से घटों बैठक की। तय किया गया कि मंदिर निर्माण के दौरान ही मंदिर परिसर व आसपास लगाए जाने वाले सुरक्षा उपकरणों के स्थान तय कर उन्हें समय–समय लगाने की तैयारी पूरी रखी जायस इससे मंदिर निर्माण के साथ–साथ सुरक्षा का काम भी होता जाएगा।अयोध्या में तेजी से चल रहा भव्य राममंदिर का निर्माण। अयोध्या में तेजी से चल रहा भव्य राममंदिर का निर्माण, सुरक्षा को बड़े से बड़े खतरों से सुरक्षित रखने में किसी भी प्रकार की चूक न होने। बैठक में यह भी तय किया गया कि मंदिर निर्माण के बाद भी उसकी सुरक्षा को बड़े से बड़े खतरों से सुरक्षित रखने में किसी भी प्रकार की चूक न होने पाएसइसके लिए आधुनिक सुरक्षा विशेषज्ञों से भी परामर्श करने पर राय बनीसइसके साथ ही चल रहे प्लिंथ निर्माण व पत्थरों की आपूर्ति में तेजी लाने के साथ 20 फिट ऊंची प्लिंथ के निर्माण में तेजी के लिए दो और मशीने लागने पर विचार हुआ स रिटेनिंग वाल के निर्माण में तेजी,भक्तों के लिए सुविधा बढ़ाने व दर्शन मार्गों के निर्माण में तेजी जाने पर भी चर्चा की गईस तय किया गया कि आगामी चौत्र माह में पड़ने वाले श्रीराम जन्मोत्सव के पहले दर्शन मार्ग के निर्माण का काम ज्यादा से ज्यादा पूरा कर लिया जाना चाहिए।

# मिल्कीपुर में टूटी सड़कें व महंगाई चुनावी मुद्दा : युवाओं ने साझा किए विचार

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)आसन्न विधानसभा चुनाव 2022 में मिल्कीपुर क्षेत्र के लोगों का चुनावी मुद्दा जहां एक और टूटी सड़कें, बेसहारा जानवर और महंगाई होगी। वहीं, दूसरी ओर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व की सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई ऐसी परियोजनाएं जिनको भाजपा सरकार में पंख नहीं लग सके वह भी क्षेत्र के युवाओं सहित मतदाताओं का एक चुनावी मुद्दा होगा। विधानसभा चुनाव में अबकी बार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र वासियों का चुनावी मुद्दा क्या होगा। इसको लेकर डीकेयू/एनबीसी चौनल ने क्षेत्र के जागरूक एवं युवाओं का मन टटोला।इस मौके पर उनके मुंह से महंगाई, बेसहारा जानवरों से फसलों की तबाही एवं विधानसभा क्षेत्र की टूटी एवं खस्ताहाल सड़कों के अलावा विधानसभा क्षेत्र में कई परियोजनाओं की सौगात के बावजूद भी उन परियोजनाओं के लंबित होने का दर्द छलक आया। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के दरोगा, रोहित सिंह ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद कुमार, आदित्य प्रताप समेत दर्जनों लोगों ने कहा कि विगत की सपा सरकार द्वारा मिल्कीपुर क्षेत्र को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अमानीगंज एवं राजकीय महाविद्यालय परसवा सहित अन्य कई सौगातें प्रदान की गई थीं। जिनका आलम यह रहा कि सूबे में सरकार बदलते ही उन विकास की परियोजनाओं को नजरअंदाज कर दिया गया। पॉलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय महाविद्यालय मिल्कीपुर क्षेत्र में स्थापित हो गए होते तो शायद क्षेत्र के युवाओं को उत्तम शिक्षा के लिए दूसरे जनपदों एवं प्राइवेट संस्थानों का मुंह न ताकना ना पड़ता। कम खर्च में ही उन्हें उत्तम शिक्षा अपने घरों में ही मिल जाती।इस क्षेत्र के युवा लाभान्वित होकर जीवन संवार सकते थे। निर्माण रुकवा दिया जाना ही चुनावी मुद्दा होगा, जिसके चलते क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा दीक्षा में परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## गोसाईगंज विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार आलोक द्विवेदी ने भी किया नामांकन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या गोसाईगंज विधानसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संतआलोक द्विवेदी ने नामांकन किया जिन का चुनाव चिन्ह झाड़ू है इसके पहले इनके पिता संत श्री राम द्विवेदी कई वर्ष तक विधायक पद पर रह चुके हैं। नामांकन करने



के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने आने वाली विधानसभा चुनाव मैं खड़ी संत आलोक द्विवेदी के नारे लगाए और उनका फूल माल्यार्पण कर स्वागत किया संत आलोक द्विवेदी ने बताया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में हमारे पिता द्वारा किए गए कार्यों की सराहना आज भी हो रही है मैं उन्हीं के बताए गए दिशा निर्देशों पर जनता की सेवा करूंगा और हमारी सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा गोसाईगंज क्षेत्र में शिक्षा पर विशेष जोर देगीऔर भ्रष्टाचार को प्रदेश मुक्त करेगी।

# बीएड टीईटी 2011 चयनित बेरोजगार एसोसिएशन ने सपा को दिया समर्थन

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) बीएड टीईटी 2011 चयनित बेरोजगार एसोसिएशन ने समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन दिया। दर्जनों की संख्या में सपा कार्यालय पहुंचकर बेरोजगारों ने पूर्व राज्यमंत्री व अयोध्या विधानसभा से सपा प्रत्याशी पवन पांडे को समर्थन पत्र सौपा।इस मौके बेरोजगार एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि सपा की पूर्व सरकार में 73825 पदों के लिए प्राथमिक शिक्षक भर्ती में 2012 के आवेदक रहे।प्रति व्यक्ति आवेदन शुल्क 600 रुपये के हिसाब से 30 हजार रुपये से अधिक लगभग 290 करोड रुपए सरकार के खाते में जमा है,जो मामला कोर्ट में है।जिसे कोर्ट ने भर्ती को सही ठहराया।पूर्व में सरकार सदन में विज्ञापन पर भर्ती की बात कर चुकी है।2017 में कोर्ट का फाइनल आदेश आया। अभ्यर्थियों से भाजपा ने झूठे वादे किये।जो 10 सालों से संघर्ष कर रहे है।अब सपा को समर्थन दिया गया।

# बार एसोसिएशन में संपन्न हुआ आदर्श प्रेस क्लब का प्रथम स्थापना दिवस

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आदर्श प्रेस क्लब का प्रथम स्थापना दिवस शुरू हुआ पत्रकारों के इस कार्यक्रम में में दर्जनों की संख्या में पत्रकार बंधु तथा एडवोकेट बीकापुर तहसील मौजूद रहे।इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट बृजेश तिवारी द्वारा किया गया।इसमे विशिष्ट अतिथि दैनिक जागरण पत्रकार अंबिका मिश्रा शेख मोहम्मद इसहाक के अलावा मुख्य अतिथि राम कुमार राय डीजीसी सहित मौजूद थे।पत्रकार गणो मैं गुलशन सिद्दीकी मनोज तिवारी के के मिश्रा मनोज यादव राजेंद्र पाठक आदर्श प्रेस क्लब बीकापुर के सचिव संदीप मिश्रा राहुल शर्मा राकेश तिवारी फूलचंद दलजीत केस मिश्रा अध्यक्ष अरुण मिश्रा संदीप मिश्रा बृजेश तिवारी के अलावा सदानंद पाठक एडवोकेट तुलसीराम तिवारी एडवोकेट विजय बहादुर सिंह एडवोकेट डॉ दिनेश तिवारी पत्रकार कार्यक्रम स्थल बीकापुर बार एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुआ तथा अधिवक्ताओं एवं पत्रकारों को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी के कार्यक्रम में जो विषय रखा गया 'वर्तमान परिवेश एवं मीडिया की भूमिका विषय पर मुख्य अतिथि रामकुमार राय डीजीसी सिविल अयोध्या ने कहा कि पत्रकारों को निष्पक्षता से पत्रकारिता करनी चाहिए आज पत्रकारों के सामने जो संकट की स्थिति है वह चिंताजनक है कहीं पत्रकारों का प्रशासन द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है तो कहीं गुंडों माफियाओं के हमले का शिकार हो रहे हैं जिसके लिए हम सबको मिलकर एक लड़ाई अवश्य लड़नी होगी उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारिता एक ऐसी चीज है जो शासन प्रशासन क्या सरकार को हिला कर रख सकती है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं पत्रकार साथियों के साथ प्रेस क्लब के नवनिर्माण में उनके मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए कंधे से कंधा मिलाकर चलता रहूंगा मेरे लायक जो भी कार्य होगा उसे मैं तत्परता से शीघ्र पूरा करूंगा उन्होंने कहा पत्रकार समाज का दर्पण होता है पत्रकार के द्वारा ही समाज को देश दुनिया की खबरें रूबरू करवाती हैं। देश का चौथा स्तंभ कहा जाने वाला यह मजबूत तंत्र सभी तंत्रों पर भारी है। ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने से सारी बाधाएं दूर होंगी वह भी कहने से नहीं चूके कि कुछ लोग अधिकारियों कर्मचारियों की चाटुकारिता भी कर रहे हैं जो बिल्कुल निंदनीय है। ऐसा करने वाले व्यक्ति पत्रकार नहीं हो सकता है वह दलाल हो सकता है उन्होंने पत्रकारों से यह भी कहा कि पत्रकारों के कई संगठन है लेकिन हमें संगठनों में उलझ कर नहीं रहना है चाहे जिस भी संगठन का कोई भी कार्यकर्ता पत्रकार किसी तरह प्रताड़ित होता है तो उसके साथ सारे संगठनों को खड़ा होना चाहिए।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक "देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।